**ग्राउंड ब्रेकिंग** | एलडीए उपाध्यक्ष ने निजी विकासकर्ताओं, निवेशकों के साथ बैठक में दिए जरूरी निर्देश

# 18 हजार करोड़ की परियोजनाओं का रास्ता खुला

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विकास प्राधिकरण आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पर राजधानी में लगभग 25 हजार करोड़ के निवेश की आधारशिला रखेगा। इसके तहत विकसित होने वाली टाउनशिप व ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट में बड़ी तादाद में लोगों को आवास मिलेगा। साथ ही उच्च स्तरीय अस्पताल, कामर्शियल काम्पलेक्स, होटल आदि भी बनेंगे। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुरुवार को निजी विकासकर्ताओं व निवेशकों के साथ बैठक की। निवेश का रोडमैप तैयार किया।

उपाध्यक्ष डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए अब तक 18 हजार करोड़ की 81 परियोजनाओं के प्रस्ताव प्राधिकरण में आ चुके हैं। जिसके सम्बंध में निवेशकों से चर्चा करके कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इसमें कुछ निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवगत कराया गया कि अन्य विभागों से एनओसी न मिलने के कारण प्रोजेक्ट का कार्य लंबित हो रहा है। इस पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि निवेशकों को जिन-जिन विभागों से एनओसी आदि औपचारिकताएं पूर्ण कराने में अड़चनें आ रही हैं, उन सभी की अलग से रिपोर्ट बनाकर पत्र भेजकर समस्या का निराकरण कराया जाए।

## अतिक्रमण न बने बाधा, तत्काल कार्यवाही के निर्देश

कुछ प्रकरणों में अवैध निर्माण, अतिक्रमण के कारण प्रोजेक्ट में बाधा उत्पन्न होने की बात सामने आयी। जिस पर जोनल अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। निवेशकों को अवगत कराया गया कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 में प्रस्तावित संशोधन को प्राधिकरण द्वारा अंगीकृत किया गया है। जिसके तहत अब 31 मार्च 2024 के बाद से क्रय योग्य एफएआर से सम्बंधित शमन के प्रकरण स्वीकृत नहीं किये जाएंगे। बैठक में सचिव पवन कुमार गंगवार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, विशेष कार्याधिकारी प्रिया सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।